**महत्वपूर्ण / विशेष / समयबद्ध**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाएं।

संख्याः प्राशिप / परिषद / 2021 / 7065 लखनऊः दिनांक- 30/12/2021

**विषयः राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन (एन0ई0ए0टी0) पोर्टल पर छात्रों का पंजीकरण एवं पाठ्यक्रमों हेतु अग्रिम मुफ्त कूपन वितरित किये जाने विषयक।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक, अध्यक्ष ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली, के पत्रं संख्या AICTE/NEAT CELL INTERNSHIP/04 दिनांक 07 अक्टूबर, 2021, तथा निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर के पृ0सं0 46226–230 / ए0आई0सी0टी0ई0 / अनु0 मिस / 2021–22, दिनांक 27.12.2021, एवं परिषद द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या–प्राशिप / परिषद / 2021 / 6205, दिनांक 02.11.2021 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रत्येक संस्थान से सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी तथा अध्ययनरत समस्त छात्रों का पंजीकरण ए0आई0सी0टी0ई0 इन्टर्नशिप पोर्टल http://internship.aicte-india.org/register_new.php पर कराने हेतु आपको निर्देशित किया गया था।

अवगत कराना है कि दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला / बैठक में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश राज्य के संस्थानों द्वारा छात्र हित की सेवाओं को प्रसारित न करने एवं अत्यंत कम संख्या में पंजीकरण करने को लेकर रोष व्यक्त किया गया है। उक्त के दृष्टिगत छात्र हित में ए0आई0सी0टी0ई0 इन्टर्नशिप पोर्टल http://internship.aicte-india.org/register_new.php पर छात्रों का पंजीकरण कराने की तिथि 02.01.2022 तक विस्तारित करते हुए अंतिम अवसर प्रदान किया गया है जिससे अधिकतम छात्र योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

उपरोक्त के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल अपने संस्थान के समस्त छात्र / छात्राओं को संदर्भित विषय में विभिन्न माध्यमों (व्हाटसेप, सोशल मीडिया, नोटिस बोर्ड, इत्यादि) के माध्यम से संपर्क करते हुए उपरोक्त निर्धारित तिथि से पूर्व पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित कर ले, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त हेतु किसी भी प्रकार की सूचना तथा जानकारी हेतु निम्नलिखित अधिकारी से उनके ई–मेल के माध्यम से संपर्क करना सुनिश्चित करें।

| Sr | Regional Office Covered | Contact Person (Assistant Director, NEAT Cell) | Email ID |
|---|---|---|---|
| 01 | NRO, NWRO | Shri Balvender Singh | ad3neat@aicte-india.org |

उपरोक्त के दृष्टिगत अंतिम रूप से निर्देशित किया जाता है छात्रों का पंजीकरण कराते हुए पंजीकरण की सूचना bteup.ac.in पर अपने संस्था लॉगिन के माध्यम से अद्यतन सूचना आज ही परिषद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, चूंकि उक्त कार्य अत्यंत गम्भीर एवं महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

पृ0सं0–प्राशिप / परिषद / 2021 / 7066-71 तद्दिनांक– 30/12/2021

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, को विशेष सचिव महोदय, के सूचनार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर को पृ0सं0 पृ0सं0 46226–230 / ए0आई0सी0टी0ई0 / अनु0 मिस / 2021–22, दिनांक 27.12.2021 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र, लखनऊ / पूर्वी क्षेत्र, वाराणसी / पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ / बुन्देलखण्ड क्षेंत्र, झांसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की अपने स्तर से भी परिषद से सम्बद्ध निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं को उक्त के अनुपालन हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. नोडल अधिकारी / प्रधानाचार्य, समस्त जनपद को इस निर्देश के साथ कि अपने–अपने जनपद में स्थित निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक, संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करते हुए समस्त छात्र / छात्राओं का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।
6. कम्प्यूटर अनुभाग प्रभारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे
अध्यक्ष
Prof. Anil D. Sahasrabudhe
Chairman

सत्यमेव जयते

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
दूरभाष : 011-26131498
ई-मेल : chairman@aicte-india.org

ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION
(A STATUTORY BODY OF THE GOVT. OF INDIA)
(Ministry of Education, Govt. of India)
Nelson Mandela Marg, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Phone : 011-26131498
E-mail : chairman@aicte-india.org

Letter No. AICTE/NEAT Cell/Internship/04 Date: 07.10.2021

To

The Principal /Director/Vice-Chancellor

All AICTE Affiliated Institute/University

**Subject: Request to register on Internship and NEAT Portal-reg.**

Greetings from All India Council of Technical Education.

Hope all are safe in this pandemic situation.

We are happy to inform you that NEAT cell, AICTE, is handling the three significant projects called National Educational Alliance for Technology (NEAT), AICTE Internship Portal, Enhancement in Learning with Improvement in Skills (ELIS) portal. All projects are for the betterment of Indian Students in an aspect of upskilling and reskilling them, and enhancing their employability skills.

As per Student Internship Policy, AICTE has formulated its Internship policy for students of Technical Education. Which mandates internship for all UG/ Diploma students. AICTE Internship Policy is available at https://www.aicte-india.org/sites/default/files/AICTE%20Internship%20Policy.pdf

It is noticed that institutes and students face challenges in identifying suitable internship opportunities as it is mandatory for UG/ Diploma students. In this regard, AICTE is extending its resources and facilities to support students. This will enhance the skills of students and make them industry-ready.

We bring to your kind reminder that as per Approval Process Handbook 2021-2022 - Appendix 6 Norms for Essential and Desirable Requirements of the Technical Institutions. Implementation of mandatory Internship policy for students (An Affidavit to be uploaded on the Portal for compliance with the Implementation of Internship Policy of AICTE).

Also you may be aware to support easy availability of Internships to its students / Industrial Visits / Industrial Projects etc. Every AICTE approved institution should **sign at least 5 MoUs with Industries** (preferably nearby industries). The Industries with which MoUs have signed may be requested to register themselves on http://www. internship.aicte-india.org/ and offer Internship through the portal.

In this regard, it's mandatory for all the institutes (TPOs and all students of respective Institute) to register on the **AICTE Internship Portal on or before the last date.**

**The Institutes not registered on the AICTE Internship Portal will not be able to avail the benefits of Awards / Funding Scheme of AICTE like RPS, MODROBS, STTP, FDP, IDEA Labs, Awards etc for the Institute.**

Links for registration is as follows:

**https://internship.aicte-india.org/register_new.php**

For any other clarification, feel free to contact following region wise officer:

| Sr. No. | Regional Office Covered | Contact Person (Assistant Director, NEAT Cell) | Email ID |
|---|---|---|---|
| 1 | SRO, SWRO, SWROCO, SCRO | Shri N. Ramesh | ad1neat@aicte-india.org |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | CRO, WRO, ERO, EROCO | Shri Vipin Kumar | ad2neat@aicte-india.org |
| 3 | NRO, NWRO | Shri Balvender Singh | ad3neat@aicte-india.org |

Best Wishes

Chairman

AICTE

**Copy To**
Director of Technical Education (DTE)
Vice Chairman, AICTE
Member Secretary, AICTE
Adviser I, Approval Bureau, AICTE
ALL RO's of AICTE
ALL Bureau Head | Cell of AICTE

**<u>अति-महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>**

प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य
राजकीय/अनुदानित
प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: 46061-225/ट॰ आई॰सी॰टी॰ई॰/अनु॰(मिस॰) 2021-22 दि॰-27/12/21

विषय : राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन (एनईएटी) पोर्टल छात्रों का पंजीकरण एवं पाठ्यक्रमों हेतु अग्रिम मुफ्त कूपन वितरित किये जाने विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है, शिक्षा मंत्रालय (एमओई) ने सरकार (इसकी कार्यान्वयन एजेंसी एआईसीटीई के माध्यम से) और भारत की शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के रूप में प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन (एनईएटी) की घोषणा की है। एक खुले निमंत्रण और स्क्रीनिंग के माध्यम से, कंपनियों को अपने उत्पादों को शिक्षार्थियों के लिए विकसित एक राष्ट्रीय पोर्टल पर प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो उनकी आवश्यकताओं के आधार पर उन्हें खरीद सकते हैं।

NEAT का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षा अध्यापन में सर्वश्रेष्ठ तकनीकी उत्पादों को एक मंच पर लाना है। अत्यधिक रोजगार योग्य कौशल वाले आला क्षेत्रों में अनुकूलित सीखने या ई-सामग्री के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले प्रौद्योगिकी उत्पादों को पोर्टल पर प्रदर्शित करने के लिए पहचाना जाएगा।
इस योजना में आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित छात्रों से उच्च शिक्षा के मौजूदा छात्रों के लिए मुफ्त कूपन भी शामिल हैं। निःशुल्क सीटों का वितरण एनईएटी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

एआईसीटीई छात्रों को अग्रिम मुफ्त कूपन वितरित करने के लिए काम कर रहा है और आपको अपने संस्थानों के सभी छात्रों के बीच यह जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया है। निदेशालय ने पूर्व पत्रों तथा ई-मेल के माध्यम से अवगत कराया गया है। खेद का विषय है कि दिनांक **23 दिसंबर (गुरुवार), 2021 को दोपहर 12:15 बजे** आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला/बैठक में **अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश** राज्य के संस्थानों द्वारा छात्र हित की सेवाओं को प्रसारित न करने तथा अत्यंत कम संख्या में पंजीकरण को लेकर रोष व्यक्त किया गया है। महोदय द्वारा छात्र हित के द्रष्टिगत एनईएटी पोर्टल(**<u>https://internship.aicte-india.org/register_new.php</u>**) पर छात्रों का पंजीकरण एवं पाठ्यक्रमों हेतु अग्रिम मुफ्त कूपन वितरित किये जाने कि **अंतिम तिथि 28 दिसंबर (मंगलवार), 2021** तक बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के छात्रों के अधिकतम पंजीकरण हेतु अनुरोध किया गया है जिससे अधिकतम छात्र योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि संस्थान के समस्त छात्रों को संदर्भित विषय में तत्काल विभिन्न माध्यमों(व्हाटएप, सोशल मीडिया, नोटिस बोर्ड इत्यादि) से सम्पर्क करते हुए निर्धारित तिथि से पूर्व पंजीकरण कराये जाना सुनिश्चित करेंगे। संदर्भित प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

(मनोज कुमार)
निदेशक
प्राविधिक शिक्षा, उ॰ प्र॰।

पृ॰सं॰-46226-230/ट॰ आई॰सी॰टी॰ई॰/अनु॰/मिस॰/2021-22
दि॰-27/12/21 o/c

प्रतिलिपि :

1. समस्त संयुक्त निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि संदर्भित प्रकरण का समयान्तर्गत अनुपालन कराते हुए संस्थावार पंजीकृत छात्रों की संख्या से अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस आशय के साथ कि निजी क्षेत्र संस्थानों का समयान्तर्गत अनुपालन कराते हुए संस्थावार पंजीकृत छात्रों की संख्या से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

MANOJ
KUMAR
(मनोज कुमार)
निदेशक
o/c

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध,
समस्त निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

संख्याः प्राशिप/परिषद/2021/ 6205 लखनऊः दिनांक- 02.11.202

**विषयः <u>ए0आई0सी0टी0ई0 इन्टर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण किये जाने के संबंध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अध्यक्ष, ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली के पत्र संख्या AICTE/NEAT CELL/ INTERNSHIP/04 दिनांक 07 अक्टूबर, 2021 तथा निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर के पृ0सं0 37234-38/ए0आई0सी0टी0ई0/अनुमोदन-2021-22, दिनांक 25.10.2021 **(छायाप्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

अवगत कराना है कि ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा स्टूडेण्ट इन्टर्नशिप पॉलिसी के अन्तर्गत तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को इन्टर्नशिप हेतु आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु छात्रों को उचित स्किल तथा नवीन औद्योगिक तकनीकी सम्बन्धी इन्टर्नशिप प्रदान किये जाने हेतु एप्रूवल प्रोसेस 2021-2022 को एपेंडिक्स-6 में प्रदत्त नियमों के अन्तर्गत समस्त संस्थानों हेतु इन्टर्नशिप को अनिवार्य घोषित किया गया है। इस हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा प्रत्येक संस्थान को न्यूनतम 05 एम0ओ0यू0 इण्डस्ट्री तथा संस्थान के मध्य कराया जाना अनिवार्य है।

उपरोक्त के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि इस हेतु प्रत्येक संस्थान से सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी तथा अध्ययनरत समस्त छात्रों का पंजीकरण ए0आई0सी0टी0ई0 इन्टर्नशिप पोर्टल https://internship.aicte-india.org/register_new.php पर अन्तिम तिथि से पूर्व कराया जाना सुनिश्चित कर लें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

उपरोक्त हेतु किसी भी प्रकार की सूचना तथा जानकारी हेतु निम्नलिखित अधिकारी से उनके ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क करने का कष्ट करें।

| Sr. | Regional Office Covered | Contact Person (Assistan Director, NEAT Cell) | Email ID |
|---|---|---|---|
| 01 | NRO, NWRO | Shri Balvender Singh | ad3neat@aicte-india.org |

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

o/c (सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

पृ0सं0-प्राशिप/परिषद/2021/ 6206-09 तद्दिनांक- 02.11.2021

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को मा0 अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन को विशेष सचिव महोदय, के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने क्षेत्रान्तर्गत निजी क्षेत्र की संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

o/c (सुनील कुमार सोनकर)
सचिव